Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 अप्रैल, 2022

आयुष्मान भारत दिवस

भारत में प्रतिवर्ष 30 अप्रैल को **आयुष्मान भारत दिवस** का आयोजन किया जाता है। इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य देश के दूरदराज़ के क्षेत्रों में सस्ती चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देना है। साथ ही यह दिवस समाज के वंचित और गरीब वर्गों को स्वास्थ्य लाभ एवं बीमा कवर प्रदान करने पर भी ज़ोर देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की गई थी, ताकि उन करोड़ों भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके जो चिकित्सा सुविधाएँ प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। यह भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017) के तहत की गई अनुशंसा के आधार पर शुरू किया गया था। यह पहल सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करने और इनके प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने हेतु शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक सभी स्तरों पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में महत्त्वपूर्ण बदलावों को बढ़ावा देना तथा स्वास्थ्य प्रणाली तक आम लोगों की पहुँच सुनिश्चित करना है। **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY)** आयुष्मान भारत योजना का एक प्रमुख घटक है, जिसे 23 सितंबर, 2018 को रांची में लॉन्च किया गया था। यद्यपि योजनाओं के निर्माण के बावजूद ज़मीनी स्तर पर भारत की स्वास्थ्य अवसंरचना में कोई महत्त्वपूर्ण बदलाव नहीं आया है और महामारी ने इस तथ्य को भलीभाँति उजागर किया है।

बाग्गावल्ली सोमाशेकर राजू

सेना के सैन्य अभियानों के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल बाग्गावल्ली सोमशेखर राजू को थलसेना का नया उप-प्रमुख नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल बाग्गावल्ली सोमाशेकर राजू एक मई को उप-सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे। यह एक दुर्लभ उदाहरण है जहाँ एक थ्री स्टार अधिकारी सेना कमांडर के रूप में कार्यकाल पूरा करने से पहले वाइस चीफ का पदभार ग्रहण करेगा। सैनिक स्कूल बीज़ापुर और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र सोमाशेकर राजू को 15 दिसंबर को जाट रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान उन्होंने अपनी बटालियन की कमान संभाली। उन्हें नियंत्रण रेखा के साथ उरी ब्रिगेड, एक काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स और कश्मीर घाटी में चिनार कॉर्प्स की कमान संभालने का गौरव भी प्राप्त है। लेफ्टिनेंट जनरल राजू एक योग्य हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं। वे सोमालिया में यूएनओएसओएम-2 ऑपरेशन के रूप में उड़ान भर चुके हैं। इसके अलावा वह जाट रेजीमेंट के कर्नल भी हैं। लेफ्टिनेंट जनरल राजू ने भारत में सभी महत्त्वपूर्ण करियर कोर्सेस में भाग लिया है और वे रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज़, यूनाइटेड किंगडम में एनडीसी भी कर चुके हैं। सेवा में शानदार योगदान के लिये उन्हें उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

भारत-मालदीव अक्षय ऊर्जा हस्तांतरण परियोजना

भारत और मालदीव अक्षय ऊर्जा के हस्तांतरण हेतु एक ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। भारत के ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह तथा मालदीव के पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन व प्रौद्योगिकी मंत्री अमीनाथ शौना के बीच हुई बैठक के दौरान इस प्रस्ताव पर चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 2030 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने के मालदीव सरकार के संकल्प पर भी चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान दो समझौता ज्ञापन (MoU) प्रस्तावित किये गए जो वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड (One Sun One World One Grid- OSOWOG) के तहत ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन और ऊर्जा सहयोग पर आधारित थे। वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड की अवधारणा भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2018 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA) की पहली सभा में प्रस्तुत की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे से जुड़े हुए 'ग्रीन ग्रिड' (Green Grid) की स्थापना के माध्यम से विभिन्न देशों के बीच ऊर्जा साझा करने तथा ऊर्जा आपूर्ति में संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-april-2022